हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 18 सितंबर 2025

04 स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान पखवाड़े का...



07 नशे के खिलाफ लामबंद हुआ जनमानस कोतवाली...





## खबर संक्षेप

### कर्म आचरण करने लायक वही धर्म- पं. शास्त्री

**बरेली।** क्षेत्र के पूर्व भाजपा विधायक स्व. भगवत सिंह पटेल की पुण्य स्मृति में परिवार जनों द्वारा सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का गीतांजलि गार्डन में आयोजन किया जा रहा है। कथा व्यास पं. कृष्णकांत शास्त्री वृन्दावन ने ऋषियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में भागवत कथा, मानव जीवन और धर्म की विस्तार से चर्चा की और कहा कि जिस कर्म के आश्य से ईश्वर की प्राप्ती हो जाए। जो कर्म आचरण करने लायक हो वही धर्म है।

### शांति समिति की बैठक गुरुवार को होगी

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार 18 सितम्बर को पुलिस कंट्रोल रूम पुलिस लाइन में दोपहर 1 बजे से शांति समिति की बैठक होगी। संयुक्त कलेक्टर मोहिनी शर्मा ने बताया कि आगामी त्यौहार नवदुर्गा, दशहरा, दीपावली, गुरुनानक सहित अन्य त्यौहारों के संबंध में बैठक में निर्णय लिए जाएंगे।

### तीसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित



**विदिशा।** मारवाड़ी अग्रवाल पंचायत द्वारा अग्रसेन जयंती समिति के तत्वधान में आयोजित अग्रसेन जयंती समिति द्वारा तीसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। 2 से 5 वर्ष के बच्चों द्वारा बाल स्वरूप श्री हनुमान जी फैंसी ड्रेस का आयोजन हुआ। दूसरे नंबर पर महिलाओं एवं युवतियों द्वारा गांव की छोरी शहर की गोरी एक्ट किया गया। तीसरे नंबर पर साइकिल सजाओ प्रतियोगिता 8 वर्ष से 13 वर्ष के बच्चों द्वारा की गई, उसके बाद लकी गेम खुल जा सिम सिम महिलाओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में भजन पर डांस महिलाओं एवं युवतियों द्वारा किए गए।

### संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर निकाली वाहन रैली



**विदिशा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने नगर में वाहन रैली निकाली। रैली नगर की सभी बस्तियों में से होते हुए दुर्गानगर चौराह पर जाकर भारत माता की आरती के बाद समापन हुई। इस रैली में नागरिक शिष्टाचार का पालन करते हुए सभी स्वयंसेवक हेलमेट पहनकर वाहनों पर निकले। इस वाहन रैली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संचालक खुमान सिंह] प्रांत घुमंतू कार्य के प्रांत प्रमुख लखन लाल, जिला प्रचारक विशाल जी, जिला कार्यवाह गुलाब सिंह कुशवाह, नगर प्रचारक केशव जी, नगर कार्यवाह राजेंद्र बघेल आदि मौजूद रहे।

### कस्बाखेड़ी के छात्रों को नि:शुल्क बैग बांटे

**विदिशा।** शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय कस्बाखेड़ी में विद्यार्थियों को नि:शुल्क विद्यालय बैग वितरित किए गए। बैग पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी झलक उठी। इस दौरान सीएसी अशोक अहिरवार, केसी चंदेल, प्रभारी शिव कुमार तिवारी, शिक्षक लालाराम जाटव, विशाल शर्मा, जीवनलाल प्रजापति, भूपेंद्र मीना, मनोज साहू सहित अन्य शिक्षक एवं अभिभावक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बृजेश राठौर का विशेष योगदान रहा।

## जिलेभर के बांध हुए लबालब, किसानों को मिल सकेगा पर्याप्त पानी

# बारिश का कोटा हुआ पूरा, हलाली बांध के 2 गेट खोले, बेतवा किनारे की बस्तियों में अलर्ट

जिले में औसत बारिश का आंकड़ा पूरा हो गया है। हलाली बांध भी लबालब भर गया है और अतिरिक्त पानी को निकालने के लिए दो गेट खोले गए हैं, जिससे हलाली बांध का छरछरा भी चालू हो गया है। एहतियात के तौर पर नदी किनारे की बस्तियों में अलर्ट जारी किया गया है। इस बार सबसे अधिक बारिश पठारी क्षेत्र में दर्ज की गई है। यहां अब तक करीब 1304.4 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मौसम में भले ही अभी ठंडक नहीं आई है, लेकिन बारिश का कोटा पूरा हो चुका है अब जो बारिश होगी वह अतिरिक्त वर्षा कहलाएगी। जिले के सभी बांध लबालब हो चुके हैं और हलाली बांध के 2 गेट खोल दिए गए हैं जिससे झरना शुरू हो गया है। मंगलवार की सुबह 11.30 बजे बांध के 2 गेट खोलकर 76.45 क्यूमेक पानी छोड़ा गया। हलाली बांध के आसपास सहित बेस नदी, बेतवा नदी के तटीय दोनों किनारों से दूरी बनाए रखने के लिए अलर्ट जारी किया गया है।

विदिशा जिले की सामान्य औसत वर्षा 1075.50 मिमी है। जिले में इस वर्ष अब तक 1092.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है जो सामान्य वर्षा से अधिक है। अधीक्षक भू-अभिलेख के द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह 8 बजे जिले की लटेरी व शमशाबाद तहसीले को छोड़कर शेष आठ तहसीलों में वर्षा दर्ज हुई है। मंगलवार को कुल 12.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिले की तहसीलों में स्थापित वर्षामापी यंत्रों पर अब तक दर्ज हुई वर्षा की जानकारी अनुसार विदिशा में 1177 मिमी, बासौदा में 992.1 मिमी, कुरवाई में 1119.2 मिमी, सिरोंज में 1043 मिमी, लटेरी में 1064 मिमी, ग्यारसपुर में 1167 मिमी, गुलाबगंज में 815 मिमी, नटेरन में 1138 मिमी, शमशाबाद में 1106 मिमी तथा पठारी तहसील में 1304.4 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है। गौरतलब हो कि पिछले साल इस अवधि तक कुल 1053.8 मिमी वर्षा हुई थी। अब जो बारिश होगी वह अतिरिक्त वर्षा कहलाएगी।



विदिशा। हलाली बांध के गेट खुलने से बेतवा के जल स्तर में भी बढ़ोतरी होगी।

### अब खेती के लिए फायदेमंद होगी बारिश

विगत वर्ष अल्पवर्षा के कारण किसानों को पर्याप्त पानी उपलबध नहीं हो सका था, लेकिन इस साल अच्छी बारिश होने के कारण किसानों को खेती के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा। सोमवार को हुई तेज बारिश से धान के गड़े फिर से भर गए। जिससे भी किसानों को काफी फायदा हुआ है। किसानों ने बताया कि कुछ दिन और बारिश होती रही तो खेतों में धान के गड़े अपने आप भरते रहेंगे। इससे पैसे की बचत होगी और किसानों को पंप आदि का सहारा नहीं लेना पड़ेगा। मौसम विभाग की मानें तो अभी कुछ दिन और बारिश की संभावना है क्योंकि मौसम में अभी ठंडक नहीं आई है। यदि दो से तीन बार और तेज बारिश होती है तो धान की पैदावार में बढ़ोतरी होगी क्योंकि धान को अच्छी पैदवार के लिए अधिक से अधिक पानी की आवश्यकता होती है।

## यातायात नियम तोड़ने वालों पर की सख्ती

# 1414 वाहन चालकों पर की चालानी कार्रवाई, 5 लाख से अधिक का जुर्माना वसूला



विदिशा। चैकिंग प्वाइंट पर तैनात रहकर अधिकारियों ने की जांच पड़ताल।

**स्कूल कॉलेजों में सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

8 से 22 सितम्बर तक 15 दिन तक वाहनों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें अभी तक 5 लाख रुपए से अधिक का जुर्माना वसूल किया जा चुका है।

पुलिस की एक सप्ताह की कार्रवाई के दौरान 14 सितम्बर तक जिलेभर में स्थापित नाकाबंदी प्वाइंट्स पर सघन चेकिंग के दौरान कुल 1414 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 5 लाख 16 हजार 500 रुपए का जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई के दौरान तेज गति से वाहन चलाना, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट वाहन चलाना, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाना, मोबाइल का उपयोग करते हुए वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन चलाना, रॉन्ग साइड ड्राइविंग, ओवरलोडिंग के अलावा बिना लाइसेंस, फिटनेस, परमिट के वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की गई। वहीं स्कूल कॉलेजों में विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। यह अभियान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत चौबे अब समस्त एसडीओपी और विदिशा यातायात प्रभारी आशीष राय समेत समस्त थाना प्रभारियों के नेतृत्व में प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है।

## कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्याएं, 82 प्रकरण हल किए

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



मंगलवार को हुई जनसुनवाई में 145 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जिसमें से मौके पर 82 आवेदनों का निराकरण किया गया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने स्वयं आवेदकों से संवाद कर उनकी समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए मौके पर निराकरण की पहल की है।

जनसुनवाई में ग्यारसपुर तहसील की आवेदिका पुष्पा मोगिया ने आचार्य विद्यासागर योजना अंतर्गत डेयरी पर लोन स्वीकृति संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। इस संबंध में मौके पर ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देकर लोन स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए हैं। सुभाष नगर निवासी मुन्नीबाई ने पट्टा प्रदाय करने आवेदन दिया।

गुलाबगंज के ग्राम सनावल बड़ागांव निवासी संजीव दांगी ने खेत की मेढ़ से निकली हुई 11 केबी लाइन के नीचे खड़े पेड़ों की कटाई के संबंध में आवेदन दिया। कई आवेदन मौके पर ही हल किए गए।

### वन विभाग की ज़मीन पर कब्जा कलेक्टर से शिकायत

**विदिशा।** लटेरी तहसील के ग्राम मड़ावता के ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर ग्राम चौकीदार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम चौकीदार ने वन विभाग की करीब 1500 बीघा भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है। ज्ञापन में बताया गया कि कब्जाई गई भूमि में चरनोई भूमि भी शामिल है, जिससे ग्राम के मवेशियों के चारे की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि चौकीदार अपने परिवारजनों के साथ गांव में उत्पात मचाता है और जब ग्रामीण इसका विरोध करते हैं तो उनके खिलाफ झूठे प्रकरण दर्ज करवाए जाते हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रशासन अवैध कब्जे को हटवाए और गांव में शांति व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## धामनोद मड़िया में बिना डिग्रीधारी डॉक्टर की क्लीनिक सील, डस्टबिन में मिली शराब की बोतल

**लगातार मिल रही शिकायतों के बाद बीएमओ और पुलिस ने पहुंचकर की पड़ताल**

हरिभूमि न्यूज ⏭हैदरगढ़



लंबे समय से बिना किसी मान्यता और डिग्री के संचालित की जा रही एक क्लीनिक को सील कर दिया गया है। कार्रवाई के दौरान बीएमओ डॉक्टर नत्थी अहिरवार सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं थाना प्रभारी केके पवार के निर्देश पर सहायक उपनिरीक्षक अनूप यादव मौजूद रहे।

अवैध क्लीनिक पर जांच के दौरान बड़ी मात्रा में सिरींज और डस्टबिन में शराब की बोतल मिली। वहीं बड़ी मात्रा में दवाईयां भी मिली है। ग्यारसपुर बीएमओ डॉक्टर नत्थी अहिरवार ने बताया कि बतया कि जांच के बाद क्लीनिक को सील करा दिया गया है। अवैध क्लीनिक संचालकों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। विगत कई महीनों से लगातार स्वास्थ्य विभाग को इस अवैध क्लीनिक की शिकायतें मिल रही थीं, लेकिन अब जाकर विभाग ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। टीम ने जांच के दौरान क्लीनिक को अवैध पाया और तत्काल प्रभाव से दुकान को सील कर दिया।

### छह माह के लिए पांच जिलों की सीमा से जिलाबदर किया

**विदिशा।** कलेक्टर ने एसपी रोहित काशवानी के प्रतिवेदन पर एक प्रकरण में जिला बदर के आदेश जारी कर दिए है। विभिन्न अपराधों में लिप्त अनावेदक शुभम पाठक पुत्र लोकेश उम्र 33 वर्ष निवासी दुर्गाचैक तलैया मोहल्ला थाना कोतवाली विदिशा के विरूद्व मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिलाबदर की कार्यवाही छह माह के लिए की गई है। उक्त अवधि में विदिशा जिला एवं सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की राजस्व सीमा से छह माह की कालावधि के लिए उसे निष्कासित किया गया है।

## सांदीपनि विद्यालय में बस सेवा बंद, डेढ़ महीने से 55 बच्चे नहीं पहुंच पा रहे स्कूल, डीईओ ने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सांदीपनि विद्यालय की बस सेवा बंद होने से ग्रामीण क्षेत्र के 55 बच्चों की शिक्षा पर संकट आ गया है।

पिछले डेढ़ महीने से बस सेवा ठप है, जिससे विद्यार्थियों को स्कूल पहुंचने में भारी परेशानी हो रही है। मंगलवार को कई बच्चे स्कूल ड्रेस में कलेक्ट्रेट पहुंचे और बस सेवा को फिर से शुरू करने की मांग की। यह बस गांव-गांव जाकर बच्चों को स्कूल लाती थी, लेकिन विभाग की लापरवाही के चलते यह सेवा बंद हो गई है। पिपरिया के बृजेश मीना ने बताया कि उन्होंने बच्चों का एडमिशन बस सुविधा को देखकर कराया था, लेकिन अब महीनों से बस नहीं आ रही है। अरिहंत कुशवाह ने कहा कि सरकार सबको शिक्षा देने का दावा करती है, पर बच्चे स्कूल ही नहीं पहुंच पा रहे हैं।

### आश्वासन: दो दिन में बस सेवा शुरू हो जाएगी

जिला शिक्षा अधिकारी एसपी जाटव ने कहा कि छात्रों की संख्या बढ़ने से वाहन व्यवस्था प्रभावित हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि दो दिन में बस सेवा फिर से शुरू कर दी जाएगी। अब देखना यह है कि प्रशासन कब तक बच्चों को राहत पहुंचाता है।

### सीसी टीवी कैमरों से गौशालाओं की निगरानी

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** जिले की गौशालाओं में आधुनिक सुविधाएं हों। इसके लिए कलेक्टर कलेक्टर अंशुल गुप्ता विशेष रुचि ले रहे हैं। कुरवाई तहसील के ग्राम बर्री टोरिया में संचालित शांति गौशाला को उन्नत बनाने के लिए सीसी टीवी कैमरे लगाए गए हैं। गौरतलब हो कि हाईटेक कैमरों के माध्यम से गौशाला की निगरानी का अवलोकन कही भी किसी भी क्षेत्र में बैठकर ऑनलाइन सुविधा के माध्यम से देखा जा सकेगा।

## छात्रावास के शिक्षकों को 2 साल से नहीं मिला मानदेय

**विभाग ने बजट की कमी का दिया हवाला, मानदेय नहीं मिलने से शिक्षकों की आर्थिक स्थिति खराब**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



अनुसूचित जाति-जनजाति छात्रावासों में कार्यरत कोचिंग शिक्षक पिछले दो वर्षों से मानदेय के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मंगलवार को शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 और 2024-25 में नियमित रूप से विद्यार्थियों को पढ़ाने के बावजूद उन्हें मानदेय नहीं मिला। विभाग बजट की कमी का हवाला दे रहा है। मानदेय नहीं मिलने से शिक्षकों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए अभी तक नई चयन सूची जारी नहीं की गई है। इससे शिक्षक भविष्य को लेकर चिंतित हैं। शिक्षक शिवम शर्मा के अनुसार, कलेक्टर ने 15 दिनों के भीतर मानदेय भुगतान और नई चयन सूची जारी करने का आश्वासन दिया है।

## सांसद खेल महोत्सव तैयारियों का जायजा, खिलाड़ियों के पंजीयन पर जोर

# खिलाड़ियों को मिलेगा जौहर दिखाने का अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा




सागर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत खेलों को बढ़ावा देने के लिए सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सागर सांसद लता वानखेडे ने जिला पंचायत के सभागार कक्ष में तैयारियों का जायजा लिया।

बैठक में कलेक्टर अंशुल गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, जिपं सीईओ ओपी सनोडिया सहित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सागर सांसद वानखेड़े ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों के प्रति बढ़ावा देने के लिए उपरोक्त खेलों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। लगातार तीन माह तक चलने वाले इस आयोजन में 19 वर्ष के स्कूली बच्चे अथवा ग्रामीण अन्य बच्चे भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिताओं में उन ही खिलाड़ियों को अपना जौहर दिखाने का अवसर मिलेगा जिनके द्वारा पंजीयन कराया गया है। उन्होंने बताया कि पंजीयन करने की अंतिम तिथि 20 सितम्बर है। उक्त खेलकूद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राएं और दिव्यांगजन भाग ले सकेंगे। सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत क्रिकेट सहित कुल नौ खेलों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य खेलों के अंतर्गत ब्हालीवाल, फुटबाल, हॉकी, कबड्डी, एथेलेटिक्स तथा परम्परागत अंतर्गत खो-खो, रस्साकसी और शतरंज खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। पंजीयन एवं पात्रता नियम के संबंध में बताया गया कि केवल सागर संसदीय क्षेत्र के निवासी ही भाग ले सकेंगे। आवेदनों का परीक्षण 30 सितम्बर तक, प्रतियोगिता के लिए खेल मैदान निर्धारण प्रतियोगिता का फीचर्स तैयार करने का कार्य आठ अक्टूबर तक पूर्ण किया जाएगा। ग्राम पंचायत स्तर पर प्रतियोगिताएं अक्टूबर से लेकर नवम्बर माह में आयोजित कराई जाएंगी।

## गुरू तेग बहादुर साहिब की कीर्तन यात्रा का राज्यमंत्री ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭बरेली

सिखों के नवें गुरू तेगबहादुर साहिब के 350वें शताब्दी शहादत दिवस पर असम से प्रारंभ हुई कीर्तन यात्रा का क्षेत्र के विधायक और राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल द्वारा सिख परंपरानुसार स्वागत किया गया। कहा कि मानवीय मूल्यों की रक्षा एवं सिद्धांतो के लिए गुरू तेग बहादुर साहिब ने अपने प्राणों का बलिदान दिया।

नपं. अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी, सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कीर्तन यात्रा का पुष्पवर्षा कर यात्रा में सम्मिलित लोगों का आत्मीय स्वागत सस्कार भी किया गया।

## खबर संक्षेप



### सड़क खोदकर डाली गई पाइप लाइन

**ललितपुर।** अमृत योजना के तहत जल संस्थान विभाग द्वारा सड़क उखाड़कर पाइप लाइन तो डाली गयी, लेकिन सड़क की मरम्मत नहीं की गयी, जिससे लोगों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ला रैदासपुरा के लोगों ने जिलधिकारी को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में बताया कि अमृत योजना के तहत जल संस्थान द्वारा सड़क उखाड़कर पाइप लाइन डाली गयी और रोड आज भी उखड़ी पड़ी है। इससम्बन्ध में ठेकेदार से जब मौखिक रूप से कहा गया तो ठेकेदार ने बात को टाल-मटोल कर दिया। इसके अलावा अब नवदुर्गा महोत्सव शुरू होने वाला है, ऐसे में सड़क की मरम्मत न होने से भारी परेशानी खड़ी हो जायेगी। मोहल्लेवासियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुये जिला प्रशासन से सड़क ठीक कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय अजय कुमार, अर्जुन, मोन्टू, अनिकेत, प्रभात, नरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### ससुराली की दहेज में रुपए व प्लाट की मांग

**ललितपुर।** कसाब मण्डी मस्जिद के पास रहने वाली कौशर बानो पुत्री रहीश कुरैशी ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसका व उसकी छोटी बहन जीनत बानो का म.प्र. के जिला सागर अंतर्गत वार्ड नं.2 कैंट सदर बाजार म.नं. 8/100 मस्जिद के आगे निवासी रहीश कुरैशी के यहां उनके पुत्रों के साथ 5 नवम्बर 2011 में हुआ था। शादी में उसके माता-पिता ने हैसीयत अनुसार दोनों 4-4 लाख रुपये नगद दिये थे एवं सोने चांदी के जेवरात और घर गृहस्थी का संपूर्ण सामान दिया था, जिससे दोनों बहनों की शादी करीब 50 लाख रुपये की हुयी थी। बताया कि शादी के कुछ दिनों बाद उसका पति शाहिद हुसैन व बहन का पति शाहरूख हुसैन, ससुर शहजाद हुसैनदेवर शाहरूख हुसैन, ननद बुसरा व भोपाल के बेडागढ़ निवासी रजिया पुत्री शहजाद हुसैन पत्नी आरिफ खान दोनों से 1-1 लाख रुपये नकद व एक-एक प्लाट की मांग करने लगे। जब उसने अपनी बहन से कहा कि हमारे माता-पिता की इतनी हैसीयत नहीं है तो सभी ससुरालियों ने एकराय होकर उसे व उसकी बहन को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इस दौरान उसे एक पुत्र हुआ, जिसके बाद भी उक्त लोगों ने प्रताड़ित करना नहीं छोड़ा और उसकी हालत खराब होने पर उसे व उसकी बहन को 25 सितम्बर 2024 को घर से भगा दिया। आरोप है कि 14 सितम्बर 2025 को शाम करीब 4 बजे ससुरालीजन आये और घर आकर रुपये और प्लाट की मांग करने लगे। मना करने पर उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट करने लगे। शोरगुल होने पर मुख्तार, रफीक, जीनत, रहीश कुरैशी ने बचाया। कोतवाली पुलिस एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### वृहद रोजगार मेले का आयोजन कल

**ललितपुर।** जनपद ललितपुर के समस्त युवक एवं युक्तियों / अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि स्व० रवीन्द्रानन्द बड़ौनिया महाविद्यालय एवं प्राइवेट आईटीआई, महरौनी जनपद-ललितपुर में विधानसभा वार वृहद रोजगार मेले का आयोजन 19 सितम्बर को प्रातः 11 बजे किया जा रहा है। मेले में 1 डिक्सन टेक्नोलॉजीज इंडिया लिमिटेड में कॉल सेन्टर व डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पद हेतु 38 रिक्तियां 2-ईडीयू वेंटेज, प्रालि में ट्रेनी ऑपरेटर पद हेतु 300 रिक्तियां 3-पटेल बायो फर्टिलाइजर में सेल्स मेन पद हेतु 20 रिक्तियां 4-भारतीय जीवन बीमा निगम ललितपुर में सिटी कॅरियर एजेंट, रूलर कॅरियर एजेंट एवं महिला कॅरियर एजेंट पद हेतु 150 रिक्तियां 5 श्री गनेशा कन्सल्टेंट एण्ड मेनपावर सर्विसेज में लोन ऑफीसर पद हेतु 120 रिक्तियां 6-फुलफोर्स सिक्योरिटी एण्ड मेनपावर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, ललितपुर में एकाउन्टेंट एण्ड टेलीकॉलिंग एक्जीक्यूटिव पद हेतु 05 रिक्तियां 7- पुखराज हेल्थ केयर प्रालि में फील्ड एक्जीक्यूटिव पर हेतु 50 रिक्तियां 8-जीआईएस इंडिया में ट्रेनी ऑपरेटर पद है।

## स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में किया गया आयोजन

# स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान पखवाड़े का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में प्रधानाचार्य डा मंयक कुमार शुक्ला के नेतृत्व में स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान₹ के दृष्टिगत दिनांक 17.09.2025 से 02.10.2025 तक चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत प्रथम दिवस प्रधानमंत्री नेरन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में ₹स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान₹ का लाइव प्रसारण उद्घाटन समारोह एवं भारतीय जनता पार्टी व रेडकॉस सोसायटी ललितपुर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।आयोजन के दौरान सर्वप्रथम जनप्रतिनिधि मा० सदर विधायक श्रामरतन कुशवाहा, जिलाधिकारी अमनदीप डुली, जिलाध्यक्ष भाजपा पं हरिशचन्द्र रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन, उप प्रधानाचार्य डा श्रुति सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा इम्तियाज अहमद, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा गजेन्द्र सिंह, मंत्री प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ, सांसद प्रतिनिधि दिनेश गोस्वामी, बब्यू राजा बुन्देला,भगत सिंह राठौर, नीतेश संज्ञा, गजेन्द्र सिंह, केदार नाथ तिवारी, अनुराग जैन, रूचिका बुन्देला, सुनीता पंथ इत्यादि की उपस्थिति में सर्वप्रथम समस्त मंचासीन पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात समस्त मंचासीन पदाधिकारियों के द्वारा फीता काटकर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया। उक्त स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में कई रक्तदाताओं ने रक्तदान दिया।

### स्वस्थ्य महिला होती है तो परिवार का संचालन भी उतना ही अच्छा होता

रक्तदान शिविर के शुभारंभ के पश्चात समस्त जनप्रतिनिधियों द्वारा नव निर्मित 300 बेडेड चिकित्सालय के लेक्चर थेटेर में प्रधानमंत्री द्वारा लाइव प्रसारित स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान का उद्घाटन किया गया एवं प्रधानमंत्री द्वारा लाइव प्रसारित उद्घाटन समारोह का चिकित्सा महाविद्यालय में लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य डा मयंक कुमार शुक्ला द्वारा अपने उदबोधन में स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के बार में संक्षिप्त जानकारी देते हुये बताया कि यदि हमारे घर में एक स्वस्थ्य महिला होती है तो घर परिवार का संचालन भी उतना ही अच्छा होता है। इसलिए हम सब को मिलकर उक्त अभियान को सफल बनाना है एवं इसके पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, एकीकृत बाल विभाग से उपस्थित अधिकारी/कर्मचारी एवं चिकित्सा महाविद्यालय के अधिकारी/कर्मचारी द्वारा स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान की शपथ एवं पोषण शपथ की शपथ ली गयी। उक्त कार्यकम का संचालन डा संध्या साख्या एवं हॉस्पिटल क्वालिटी मैनेजर नंदलाल यादव द्वारा किया गया । जनपद कार्यक्रम नोडल श्री नीरज कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी, चिकित्सा महाविद्यालय के डा एमएस राजपूत, डा डीके राज, डा अभिजात, डा रजनी रतमेले, डा मनीष कुमार माथुर, डा प्रिया जैन, डा० विमल यादव, डा० अंकिता, रेडक्रॉस सोसयटी अध्यक्ष अजय बरैया, जिला सविच रेडक्रॉस सोसायटी डा पाठक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से रजिया फिरोज आदि उपस्थित थे।

### पखवाड़े भर चलेगा कार्यक्रम



ललितपुर । सांसद अनुराग शर्मा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट एवं माननीय सदर विधायक रामरतन कुशवाहा , जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन जी तथा भाजपा जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारम्भ फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित करके किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० इम्तियाज अहमद ने बताया कि महिलाओं के स्वास्थ्य की समुदाय एवं राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका है, जिसके क्रम में दिनांक 17 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर 2025, गाँधी जयन्ती तक ₹स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित पोषण माह के साथ समन्वय करते हुए आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत प्रदेश में समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं अन्य स्वास्थ्य इकाईयों पर प्रतिदिन स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे है। इन स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से महिलाओं को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाएं भी शामिल हैं। ₹स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली प्रमुख गतिविधियों में उच्च रक्तचाप और मधुमेह की जांच, ओरल कैंसर, स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की जांच, किशोरियों और महिलाओं के लिए एनीमिया की जांच, परामर्श एवं उपचार, उच्च जोखिम वाली महिलाओं के लिए टी०बी० की जांच आदि शामिल हैं। दिनांक 1 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस है, जिसके अन्तर्गत एक मेगा कैंप आयोजित किया जायेगा। प्रसव पूर्व देखभाल (ए.एन.सी.) जांच एवं परामर्श के साथ एम.सी.पी. कार्ड का वितरण, बच्चों के लिए टीकाकरण सेवाएं, किशोरियों एवं महिलाओं को मासिक धर्म स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण के सम्बन्ध में जागरूक किया जायेगा। इसके लिए ग्राम स्तर, ब्लाक स्तर/जनपद स्तर पर जागरूकता रैली, स्कूलों में जागरूकता सत्र एवं अन्य गतिविधियां आयोजित की जायेगी। उन्होंने अभियान की सफलता हेतु सभी से सहयोग की अपील की।

## सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम

# भाजपा ने किया स्वच्छता व रक्तदान कार्यक्रम



**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत के संयोजन में भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई और मोर्चाओं ने आज उच्च नेतृत्व के निर्देश पर चल रहे सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत मा प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर प्रातः घंटाघर से लेकर सावरकर चौक स्वच्छता कार्यक्रम चलाया और महापुरुषों के प्रतिमा स्थलों पर सफाई कर महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। सावरकर चौक पर सावरकर जी, स्वतंत्रता सेनानी वृजनन्दन किलेदार जी, वृजनन्दन शर्मा जी, सरदार बल्लभ भाई पटैल जी,पं परमानंद जी,श्री गणेश प्रसाद बर्णी जी आदि की प्रतिमा स्थलों पर सफाई कर महापुरुषों का माल्यार्पण भारतीय जनता पार्टी द्वारा किया गया।इसके बाद जिला अस्पताल में जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत के नेतृत्व में और भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नीतेश संज्ञा के संयोजन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।रक्तदान कार्यक्रम में दो सौ पचास कार्यकर्ताओं ने रक्तदान हेतु अपनी रजामंदी से रजिस्ट्रेशन कराया जिसमें युवा मोर्चा के महामंत्री राम जी कुशवाहा मड़वारी, महिला मोर्चा की महामंत्री रुचिका बुन्देला,अनुसुचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह रजक, नगर अध्यक्ष भगत सिंह राठौर सहित पैंतालीस कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया ।बाकी रजिस्ट्रेशन कराने बालों ने किसी भी मरीज को आवश्यकता पड़ने पर अस्पताल आकर तुरंत रक्तदान करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राजनैतिक दल होने के बाबजूद एक वृहद बैचारिक सोच के तहत सामाजिक सुधार की भी हामी है जो कि पं दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्मक मानववाद और अन्त्योदय से निकलता है ।इसी सोच के अन्तर्गत हमारा उच्च नेतृत्व सामाजिक बैचारिक परिवर्तन को ध्येय निष्ठा रख अन्तिम व्यक्ति तक के घर विकास की रोशनी ले जाने का प्रयासरत रहता हैं।इसी के तहत हम सामाजिक सुधार, आत्मीय सहायता,की सोच को आगे बढ़ा कर सामाजिक सुधार को भी प्राथमिकता देते हैं ताकि हम सशक्त समाज को संरक्षित कर सकें। स्वच्छता अभियान भी इसी सोच को आगे बढ़ाता है । उन्होंने कहा कि जब सब राजनीतिक दल सिर्फ चुनाव को द्रष्टिगत रख कर कार्य करते हैं तव भारतीय जनता पार्टी बैचारिकता के वृहद फलक पर आम आदमी के उत्थान के वारे में सोचती है । हमारे प्रधानमंत्री जी की सोच है कि जब हर भारतीय स्वस्थ्य, शिक्षित, राष्ट्रवादी होगा तो देश आप ही ताकतवर बनेगा हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की आशाओं-आकांक्षाओं के संवाहक, वैश्विक मंच पर 'नए भारत' को अग्रिम पंक्ति में प्रतिष्ठित करने वाले, विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय राजनेता, हम सभी के मार्गदर्शक, 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को साकार करने वाले यशस्वी नेतृत्व कर्ता हैं ।हमारे प्रधानमंत्री जी ने पहली वार ही शपथ लेते ही स्वच्छता के महत्वता को ध्यान में रख कर देश भर में स्वच्छता अभियान चलाया था। उन्होंने कहा कि हम अपने आसपास स्वच्छता को कायम कर बहुत कुछ बीमारियों से बचाव कर सकते हैं। इसके अलावा रक्तदान भी एक महत्वपूर्ण कार्य है जिससे हम बहुत से लोगों की जान बचा सकते हैं उन्होंने आम जन से अपने आसपास स्वच्छता रखने एवं रक्तदान करने की अपील की। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा जी,जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन जी, बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे, पूर्व अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी, हरीराम निरंजन, निवर्तमान अध्यक्ष राजकुमार जैन, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला,बरिष्ठ नेता अशोक गोस्वामी, पूर्व विधायक रमेश कुमार कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## टीवीएस शोरूम पर हुआ सम्मान समारोह

# भगवान विश्वकर्मा पूजन दिवस पर किया सम्मान

**ललितपुर।** भगवान विश्वकर्मा पूजन दिवस के अवसर पर टीवीएस शोरूम पर लायंस क्लब ललितपुर बुन्देलखण्ड यूनाइटेड डी-321 बी-2 के बैनर तले एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर बुन्देलखण्ड विकास सेना अध्यक्ष हरीश कपूर टीटू मंचासीन रहे, जबकि अध्यक्षता शोरूम संचालक हेमन्त जैन रोंडा ने की। समारोह में सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा पूजन दिवस को लेकर चर्चा की गयी। वक्ताओं ने कहा कि सृष्टि में आधुनिक मशीनरी और छोटे-बड़े सभी औजार, जो कि सृजन करते हैं के रूप में भगवान विश्वकर्मा जी का पूजन किया जाता है। भगवान विश्वकर्मा पूजन दिवस के अवसर पर समाजसेवा के कार्यों में उत्कृष्ट सेवाएं देने पर लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा आचार्यजी, प्रेस क्लब महामंत्री अमित सोनी, वरिष्ठ अधिवक्ता रूपनारायण विश्वकर्मा, चिकित्सा विभाग के रवि झां व पत्रकार अमित लखेरा को मंच से शॉल-श्रीफल,



स्मृति चिह्न व यंत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आनंद मोहन दुबे, लायन परवेज पठान, कृपाल दुबे सोनू के अतिरिक्त टीवीएस शोरूम सदस्य, कर्मचारी व भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। समारोह का सफल संचालन पं.बृजमोहन संज्ञा ने किया। अंत में सभी उपस्थितजनों का आभार शोरूम संचालक हेमन्त जैन रोंडा ने व्यक्त किया।

# सेवा पखवाड़ा अंतर्गत तालबेहट वृंदावन ब्लॉक में पौधरोपण किया




ललितपुर । तालबेहट रेंज के अंतर्गत तिन्द्रावन ब्लाक में सेवा पर्व का शुभारंभ किया गया जिसमें 20पौधे शीशम, सागौन, कंजी, चिलबिल, आवलां, बांस, सिरस, अल्वीजिया अमारा, नीम, जंगल जलेबी आदि के रोपित कियें गये। जिसमें ग्राम श्री आजाद सिंह यादव ग्राम प्रधान-उदगुवां, प्रतिपाल सिंह ग्राम प्रधान बम्हौरीसर, श्री हीरालाल कुशवाहा ग्राम प्रधान-तेरई के साथ अन्य ग्रामीण व महिलायें उपस्थित रहे। शगौतम सिंह, प्रभागीय निदेशक, सावा प्रभागार, ललितपुर, सतेन्द्र सिंह तोमर उप प्रभागीय वनाधिकारी महरौनी / ललितपुर, श्री प्रभुदयाल यादव, क्षेत्रीय वन अधिकारी, तालबेहट, रमेश कुमार पनौरिया, क्षेत्रीय वन अधिकारी माताटीला, श्री पवन कुमार, वन दरोगा, राकेश आनंन्द, वन दरोगा, योति स्वामी, वन रक्षक, रंजना, वन रक्षक, शफीक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों एवं विभाग के अधिकारियों ने वन महोत्सव के दारौन ज्यादा से ज्यादा पौध लगाने तथा उनकी देखभाल एवं सुरक्षा करने पर जोर दिया।

## आत्मनिर्भर एवं डिजिटल भारत की संकल्पना को जानेंगे जनपदवासी

# पीएम के व्यक्तित्व पर न्यू इंडिया 2047 प्रदर्शनी शुरू

**ललितपुर।** 17 सितम्बर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर उनके व्यक्तित्व, कृतित्य व न्यू इंडिया 2047 एवं प्रदेश सरकार सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों पर आधारित 15 दिवसीय भव्य प्रदर्शनी का बुधवार को सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीश चन्द्र रावत ने फीता काटकर शुभारंभ किया और पार्टी पदाधिकारियों व आमजन के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रदर्शनी की प्रसंशा भी की। शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित 15 दिवसीय प्रदर्शनी का तुवन मंदिर प्रांगण में आमजन को देखने हेतु शुभारंभ किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री के बचपन से लेकर अब तक के जीवन संघर्षों के बारे में चित्रों के माध्यम से विस्तारपूर्वक बताया गया, इस अवसर पर सदर विधायक व जिलाध्यक्ष भाजपा ने बताया कि उत्तर प्रदेश केवल भारत की संस्कृति और आध्यात्मकता का केन्द्र ही नहीं है बल्कि राष्ट्र की राजनैतिक चेतना और आर्थिक आकांक्षाओं का सशक्त भाग भी है। भारत के अमृतकाल में प्रधानमंत्री ने विकसित उत्तर प्रदेश समर्थ उत्तर प्रदेश/2024 की परिकल्पना प्रस्तुत की है, यह परिकल्पना केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र की सामूहिक यात्रा है।




देश के सबसे अधिक जनसंख्या वाले राज्य के रुप में उत्तर प्रदेश इस महान संकल्प को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभाने को तत्पर है।

उन्होंने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिति 2023 में प्रधानमंत्री ने कहा था कि भारत अगर आज दुनिया के लिए ब्राइट स्पॉट है तो उत्तर प्रदेश भारत की ग्रोथ को ब्राइट करने वाला एक अहम नेतृत्व दे रहा है। वास्तव में प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में वर्ष 2017 से 2025 के बीच उत्तर प्रदेश ने सुरक्षा, सुशासन और विकास की ठोस नीव रखी है, अब इसी आधार पर हम सभी जनपद वासियों का संकल्प है कि वर्ष 2047 तक उत्तर प्रदेश को भारत का सबसे अग्रणी और विकसित राज्य बनाया जाये, इस हेतु विशेषज्ञों के परामर्श और व्यापक जनसहभागिता के साथ विकसित उत्तर प्रदेश 2047 की कार्ययोजना तैयार की जा रही है, जिसमें आप सभी जनपदवासियों की भागीदारी आवश्यक है। इसके लिए दिये गए क्यूआर कोड को स्कैन कर अपने सुझावों को अवश्य प्रस्तुत करें।

प्रदर्शनी में सभी जनप्रतिनिधियों ने पूरे जोश के साथ प्रधानमंत्री के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने एवं आमजन से प्रदर्शनी को देखने का आह्नवान किया। इस अवसर पर बताया गया कि यह प्रदर्शनी आमजन के अवलोकन हेतु शहर के तुवन मंदिर प्रांगण में लगी रहेगी। प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की जा सकती है और इन योजनाओं का लाभ उठाया जा सकता है। जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, राज्यमंत्री प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ, सांसद प्रतिनिधि दिनेश गोस्वामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, आमजन उपस्थित रहे।

## विश्वकर्मा जयंती पर आयोजन

# छात्रों ने किया राजघाट जल विद्युत संयंत्र का भ्रमण

**ललितपुर।** विश्वकर्मा जयंती के शुभ अवसर पर, नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत जिला गंगा समिति द्वारा एक विशेष शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इसके तहत लाइफ विज़न अकैडमी के चुनिंदा छात्र-छात्राओं का एक दल राजघाट जल विद्युत संयंत्र ले जाया गया, जहाँ उन्होंने बिजली उत्पादन की प्रक्रिया की बारीकियों को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर प्राप्त किया। मुख्य अभियंता, राजघाट जल विद्युत गृह, रघुवेंद्र यादव ने छात्रों को पनबिजली संयंत्र के विभिन्न घटकों जैसे बाँध, जलाशय, टरबाइन, जनरेटर और नियंत्रण कक्ष के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार पानी की गतिज ऊर्जा का उपयोग करके टरबाइनों को घुमाया जाता है और फिर यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित किया जाता है।

जिला गंगा समिति के परियोजना अधिकारी केतन दुबे ने बताया कि मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को ऊर्जा उत्पादन, विशेष रूप से स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों के बारे में जागरूक करना और उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना है। राजघाट जल विद्युत संयंत्र जैसी महत्वपूर्ण परियोजना का भ्रमण उन्हें ऊर्जा के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए भी प्रेरित करेगा। भ्रमण में शामिल हुए बच्चे इस अनुभव से उत्साहित हैं।

## मलखंभ प्रतियोगिता का समापन, विजेता को पदक व शील्ड देकर किया सम्मानित

# पुलिस ने लगातार तीसरी बार जीती चल वैजंती शील्ड

**ललितपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन्स में 15 से 17 सितम्बर तक आयोजित होने वाली तीन दिवसीय 13वीं अंतर्जनपदीय मलखम्भ प्रतियोगिता का समापन मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने किया। मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता में विजयी, उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडियों को पदक व शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि एसपी ने क्षेत्राधिकारी लाइन्स को ध्वज सौंपा, जहां मुख्य अतिथि को बैच लगाकर सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागी खिलाडियों द्वारा बैन्ड पर राष्ट्रगीत की धुनों के साथ मुख्य अतिथि का अभिवादन किया, जिस पर मुख्य अतिथि ने परेड का मान प्रणाम ग्रहण कर सभी कोच व खिलाडियों का परिचय लिया। मलखम्भ प्रतियोगिता में कानपुर जोन कानपुर की जनपद झांसी, जालौन, औरैया, कन्नौज, कानपुर नगर, फतेहगढ व ललितपुर सहित कुल 8 टीमों द्वारा




प्रतिभाग किया, जिसमें जनपद इटावा की टीम कतिपय कारणों से प्रतियोगिता में सम्मिलित नही हो पायी सभी टीमों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतिभागी खिलाडियों ने मानव पिरामिड तथा अन्य कलाओं का अद्भुत प्रदर्शन किया गया। सम्पूर्ण प्रतियोगिता के दौरान जिले की टीम द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए व सर्वाधिक 47.40 अंक पाकर लगातार तीसरी बार चल वैजन्ती शील्ड प्राप्त कर झांसी टीम ने 28.20 अंक प्राप्त द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में व्यक्तिगत स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले फायरमैन राकेश कुमार ललितपुर द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुआसपु रामऔतार सिंह ललितपुर द्वितीय स्थान तथा आरक्षी वीपी सिंह ललितपुर व आरक्षी विजय पाल ललितपुर द्वारा संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त कर चल वैजन्ती शील्ड प्राप्त करने वाली विजेता जनपद ललितपुर टीम में मु.आ.स.पु. रामऔतार सिंह, मु.आ.हरिशचन्द्र यादव, आरक्षी विजय पाल, आरक्षी वी.पी. सिंह, आरक्षी लोहा सिंह, संजय कुमार, आरक्षी संगमसिंह यादव, आरक्षी सर्वेश सिंह सेंगर, रनवीर सिंह, फायर मैन राकेश कुमार, फायर मैन हरिहर सिंह, फायर मैन संदीप यादव शामिल रहे। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली उपविजेता जनपद झांसी टीम में आरक्षी चालक संदीप, आरक्षी, अमन खांन, आरक्षी नीलेश मैना, आरक्षी क्षेत्रपाल, आरक्षी सन्दीप दुबे, आरक्षी रिषभ राठौर, आरक्षी हरीश शामिल रहे।

मलखम्भ प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल में सीओ लाइन सुनील कुमार, सीओ सिटी अजय कुमार, भारत सेवा मण्डल व्यायामशाला गुलझारी कुशवाहा, शैलेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र कुमार, पुष्पेन्द्र, कशिश, उदघोषक कृष्ण कुमार प्रभारी परिवहन रहे। समापन अवसर पर एएसपी कालू सिंह, सीओ सदर व लाइन्स एवं प्रतिसार निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

### युवाओं ने रैली के साथ किया नशा मुक्ति आंदोलन का शंखनाद,प्रशासन को 10 दिन का अल्टीमेटम

# नशे के खिलाफ लामबंद हुआ जनमानस कोतवाली थाने का घेराव कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बढते नशा कारोबार के खिलाफ जिले का जनमानस बुधवार को लामबंद होकर सडक पर उतरा। शहर में नारेबाजी के साथ रैली निकालते हुए लोगों ने कोतवाली थाने का घेराव किया और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया को ज्ञापन सौंपकर नशा कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए श्योपुर जिले को नशा मुक्त बनाने की मांग जोरदारी से उठाई। साथ ही यह भी अल्टीमेटम भी दे दिया कि नशे के खिलाफ आंदोलन का शंखनाद हो गया है। इसके बाद भी प्रशासन ने नशा बंद कराने के लिए 10 दिन के भीतर सख्ती के साथ कदम नहीं उठाए तो फिर चक्काजाम करने को विवश होना पडेगा।

दरअसल श्योपुर को नशा मुक्त बनाने की मुहिम छेडने वाले युवाओं ने 17 सितंबर बुधवार को श्योपुर में रैली निकालकर आंदोलन का शंखनाद करने का एलान करते हुए दोपहर एक बजे श्री हजारेश्वर पार्क श्योपुर में लोगो से बडी संख्या में जुटने का आह्वान किया था। इसी क्रम में बुधवार को श्री हजारेश्वर पार्क में बडी संख्या में जुटे लोगो ने नशा मुक्ति संबंधी नारो की तख्तिया हाथो में लेकर रैली शुरू की। रैली में शामिल लोग नशा बंद कराओ, श्योपुर को नशा मुक्त बनाओ, नशा कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई करो जैसे नारे लगाते हुए चल रहे थे। यह रैली पुराना बस स्टैंड, बडौदा रोड, पुल दरवाजा, गणेश बाजार, मुख्य बाजार और गांधी पार्क होते हुए कोतवाली थाने पर पहुंची। जहां लोगो ने कोतवाली थाने का घेराव करते हुए एक ज्ञापन कोतवाली पर मौजूद एएसपी प्रवीण भूरिया,एसडीएम गगन सिंह मीणा, एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता को सौंपा। जिसमें साफ शब्दों में कहा गया है कि नशा मुक्ति आंदोलन का शंखनाद हो गया है। इसलिए प्रशासन सख्ती के साथ कदम उठाते हुए नशा कारोबार को बंद कराने के लिए कार्रवाई करें। अन्यथा चक्काजाम किया जाएगा। ज्ञापन सौपने के दौरान संतो के साथ सभी समाजो के लोग और भाजपा और कांग्रेस सहित अन्य राजनैतिक दल व सामाजिक संगठनों से जुडे लोग भी बडी संख्या में मौजूद थे।




**नेताओं की हुई उपेक्षा पुलिस प्रशासन के खिलाफ लगाए नारे**

आंदोलन के दौरान नेताओं की उपेक्षा भी खूब हुई, जहां गांधी पार्क में कुछ नेता अपनी बात माइक पर रखना चाहते थे लेकिन आयोजकों ने सिर्फ धार्मिक नेताओं को बुलाकर रैली शुरू कर दी, यही नहीं अपनी उपेक्षा से खिन्न दिखाई दिए नेता कोतवाली पर पहुंचने से पहले ही किनारे हो गए इनमें भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण पूर्व विधायक ब्रजराज सिंह चौहान एवं दुर्गा लाल विजय,पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष महावीर सिंह सिसोदिया जैसे नेताओं के नाम शामिल हैं। अन्य संगठनों के साथ कोतवाली के भीतर ज्ञापन लेने की कार्रवाई से नाराज किसान नेता राधेश्याम मूंडला ने पुलिस मुर्दाबाद के नारे लगवा दिए।

**नेताओं की उपस्थिति से भड़के आंदोलनकारी युवा**

नशे के खिलाफ युवाओं ने जो अलख जगाया उसका सकारात्मक परिणाम तब देखने को मिला जब शहर की सड़के नशे के खिलाफ उठ खड़े होने वाले जनमानस से भर गई पर विरोधाभास तब देखने में मिला जब कोतवाली पर पहुंचने के दौरान रैली में कुछ राजनेता शामिल होकर आंदोलन की अगुआई करते दिखे। इससे विगत एक पखवाड़े से आंदोलन को सफल बनाने के लिए रात दिन जुटे रहे युवा नाराज हो गए और वह कोतवाली के बजाय ज्ञापन लेकर थाने के सामने गांधी पार्क के भीतर पहुंच कर खड़े हो गए। उधर एएसपी ज्ञापन लेने थाने पर खड़े हो गए, लाख मन्नत करने के बाद भी उक्त युवा ज्ञापन देने थाने पर नहीं पहुंचे बाद में नेताओं के साथ भीड़ में धीरे-धीरे छट गई और इसके बाद एडिशनल एसपी ने गांधी पार्क पर पहुंचकर ज्ञापन लिया। थाने पर विधायक बाबू जंडेल, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी, पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट आदि नेता मौजूद थे वहीं देवरी धाम के महंत रामदास महाराज और मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि के रूप में अंजुमन सदर शब्बीर नागौरी आदि खड़े दिखाई पड़े बाद में यह दोनों धार्मिक नेता भी गांधी पार्क में पहुंच गए। उधर गांधी पार्क पर आंदोलनकारी युवा मुकेश हिरनीखेड़ा और उनकी टीम सहित पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र जाट, पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष अतुल चौहान एवं उनके कार्यकर्ता दिखाई पड़े।

**नशा करने वाले नहीं बेचने वालों पर हो कार्रवाई**

उधर युवाओं ने एडिशनल एसपी प्रवीण भूरिया को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि पुलिस कार्रवाई के दौरान नशा करने वालों को पकड़ कर अपनी उपलब्धि न बताए बल्कि नशे के कारोबारियों पर कार्रवाई करे। तभी उपलब्धि मानी जाएगी ऐसा नहीं हुआ तो इसका विरोध किया जाएगा। युवाओं ने एएसपी को बताया कि कुछ पुलिसकर्मी नशे के कारोबार को बढ़ावा दे रहे हैं ऐसे में लंबे समय से जमे पुलिस कर्मियों को जिले से बाहर भेजा जाए।

**नशा कारोबारियों पर लगे रासुकाः किसान संघ**

नशा के खिलाफ निकाली गई रैली में भारतीय किसान संघ,अखिल भारतीय हिंदू महासभ सहित अन्य कई समाजसेवी संगठनों से जुडे पदाधिकारियों ने भी भागीदारी करते हुए अपने अपने संगठन के लेटरपेड पर ज्ञापन भी सौंपे। भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह चौधरी ने भी भारतीय किसान संघ के लेटरपेड पर सीएम के नाम एक ज्ञापन भेजकर मांग उठाई कि नशे पर हर हाल में रोक लगनी चाहिए। जो लोग इस नशा कारोबार में लिप्त है,उनके खिलाफ रासुका की कार्रवाई की जाए और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई जाए।

**इनका कहना है**

अवैध नशा कारोबार के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही है और पुलिस की यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। नशा कारोबार में जो भी लिप्त होगा,उसे छोडा नहीं जाएगा।

प्रवीण भूरिया
एएसपी,श्योपुर

### श्योपुर के बालकों ने ग्वालियर तो बालिकाओं ने अशोकनगर को दी पटखनी

## संभागीय खो-खो प्रतियोगिता में श्योपुर ने बाजी मारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

69 वीं संभागीय शॉलेय खो-खो प्रतियोगिता अंडर 14 का आयोजन श्योपुर स्थित शासकीय पीजी कॉलेज के खेल मैदान किया गया। इस संभागीय प्रतियोगिता में श्योपुर की बालिक और बालिकाओं की टीम ने अपने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का खिताब अपने नाम कर लिया है। श्योपुर की बालक टीम ने फायनल मुकाबले में जहां ग्वालियर की टीम को पराजित किया। वहीं बालिकाओं की टीम ने अशोकनगर की टीम को हराकर फायनल मैच जीता।

बुधवार को कॉलेज के खेल मैदान पर कॉलेज प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा, जिला खो खो संघ अध्यक्ष बिहारी सिंह सोलंकी की विशेष उपस्थिति में आयोजित संभागीय प्रतियोगिता में सर्व प्रथम अंडर 14 बालिका वर्ग का फायनल मुकाबला श्योपुर और ग्वालियर की टीम के बीच खेला गया।जिसमें श्योपुर की बालिका टीम ने आसानी से ग्वालियर को हराकर मुकाबला जीत लिया। इसके बाद अंडर 14 बालिक वर्ग का फायनल मैच खेला गया। इस मुकाबले में भी श्योपुर ने अशोकनगर की टीम को पराजित कर दिया। इस तरह दोनो वर्गो में श्योपुर ने बाजी मार ली। मैच के बाद विजेता और उप विजेता टीमों के पुरस्कृत किया गया। बता दे कि इस प्रतियोगिता में संभाग के सभी जिलो की टीमों ने हिस्सा लिया था।

### घर के बंटवारे की बात पर कर दी मारपीट

श्योपुर।शहर के पाली रोड स्थित जय श्रीपैलेस के पीछे के क्षेत्र में घर के बंटवारे की बात को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद में फरियादी की नामजद आरोपियों ने मारपीट कर दी। पुलिस ने बताया कि अजीज पुत्र फकीर मोहम्मद निवासी जय श्रीपैलेस के पीछे ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि घर के बंटवारे की बात को लेकर इरसाद मंसूरी, अरूण मसूरी,बंटी मंसूरी ने गाली गलौच करते हुए मेरी मारपीट कर दी। अजीज की रिपोर्ट पर इन तीनों के खिलाफ मारपीट की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है।

## हर्षोल्लास से मनी विश्वकर्मा जयंती मशीनों का हुआ पूजन, निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

भगवान विश्वकर्मा की जयंती बुधवार को जिलेभर में हर्षोल्लास से मनाई गई। अधिकतर फैक्ट्री में भगवान विश्वकर्मा के साथ-साथ मशीनों की पूजा की गई वही भगवान विश्वकर्मा को इष्ट देवता मानने वाले पांचाल समाज ने शहर में विशाल शोभायात्रा निकाली।

शहर के वार्ड क्रमांक 3 स्थित मुरली मनोहर पांचाल समाज मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा किला रोड मोती टिकिया वालों की दुकान से मेन मार्केट सुबात चौराहा, गणेश बाजार मालियों का मंदिर पुल दरवाजा बड़ौदा रोड,पटेल चौक मेन बाजार होते हुए वापस मंदिर पहुंची। गाजेबाजे के साथ निकाली गई इस शोभायात्रा में बडी संख्या में समाज के पांचाल समाज के लोग शामिल थे। इसके बाद शाम को महा आरती का कार्यक्रम व रात्रि जागरण आयोजित किया गया।





**मजदूरों व मालिकों ने की मशीनों की पूजा**

विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर मजदूरों ने जहां अपने औजारों को पूजा वही फैक्ट्री में भगवान विश्वकर्मा के तस्वीर के साथ-साथ मशीनों की पूजा भी हुई। मजदूर और मालिकों ने एक साथ भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर दीप प्रवजलित कर पूजन किया और मशीनों को भी पूजा इस क्रम में श्री हरि ट्रेडिंग कंपनी में भी मशीनों की पूजा की गई।

## बड़ौदा पुलिस ने दो तस्करों को दबोचा, 120 लीटर शराब जब्त



श्योपुर। नशा मुक्ति आंदोलन शुरू होते ही पुलिस ने भी अवैध नशा कारोबार के खिलाफ अपनी कार्रवाई को तेज कर दिया है। इसी क्रम में बडौदा थाना पुलिस ने दो शराब तस्करो को अरेस्ट करते हुए उनके कब्जे से 120 लीटर अवैध शराब को जब्त किया है। साथही दोनो तस्करो को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।बडौदा टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि बुधवार को पुलिस कप्तान सुधीर अग्रवाल के निर्देशन में मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करने के लिए एक पुलिस टीम को भेजा गया। इस दौरान पुलिस टीम ने आरोपी कन्हैया पुत्र गोरीशंकर सुमन निवासी पांडोला को गोराजी मंदिर नहर से उस समय घेराबंदी करके दबोच लिया,जब वह 60 लीटर कच्ची शराब लेकर उसकी तस्करी करने के लिए जा रहा था। जबकि चंबल नहर की पांडोली गांव की पुलिया के पास से लोकेन्द्र पुत्र रामअवतार सुमन निवासी पांडोला को घेराबंदी करके दबोचा गया है। उसके कब्जे से 60 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। इन दोनों आरोपियों को मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया,जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।इस कार्रवाई में बडौदा टीआई सत्यम सिंह गुर्जर के अलावा पांडोला चौकी प्रभारी श्यामवीर सिंह यादव, प्रआ अजय दोहरे, सुनील भार्गव,अनिल राठौर, आरक्षक मनोज शर्मा, नर सिंह मीणा, दीपक जाट, राकेश मांझी का भी अहम योगदान रहा है।

### सेवा से पृथक करने की चेतावनी के बीच यूनियन ने भरी हुंकार

## 37 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित 40 बीएलओ को एसडीएम ने दिए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




लगातार सूचना देने के बावजूद बीएलओ की जिम्मेदारी नहीं संभालने वाले 3 शिक्षक और 37 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को एसडीएम गगन मीणा ने फिर नोटिस जारी किया है। इससे पहले भी एसडीएम ने बीएलओ बनाए गए उक्त कर्मचारियों को नोटिस जारी कर चुके हैं। बार-बार निर्देश की अवहेलना करने वाले आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विभाग सेवा से पृथक करने के नोटिस तैयार कर रहा है इसी बीच आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन ने हुंकार भरते हुए कहा कि अगर किसी कार्यकर्ता पर संवैधानिक प्रक्रिया के विरुद्ध कोई कार्रवाई की गई तो पूरे प्रदेश में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगी।

निर्वाचन आयोग द्वारा बीएलओ नियुक्त किए जाने के नियम में परिवर्तन करते हुए व्यवस्था दी है कि जो शासकीय कर्मचारी का नाम जिस मतदान केंद्र की मतदाता सूची में नाम होगा वो उसी भाग का बीएलओ बनाया जाएगा। इस बदलाव में बड़ी संख्या में शिक्षकों के स्थान पर स्थानीय होने के नाते आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बीएलओ बना दिया गया। श्योपुर विधानसभा क्षेत्र में जिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बीएलओ बनाया गया है वह निर्वाचन सामग्री नहीं उठा रही हैं जिसके चलते उन्हें बार-बार नोटिस दिए जा रहे हैं। बुधवार को भी 37 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित 40 बीएलओ को नोटिस जारी किए गए। नोटिस के बाद आंगनवाड़ी कार्यकर्ता यूनियन हरकत में आ गई उसने जिला अधिकारी को ज्ञापन देकर अवगत करा दिया है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बीएलओ का काम नहीं करेंगी क्योंकि उनके पास बहुत अधिक काम है अगर वह उन्हें जबरदस्ती बीएलओ बनाकर काम करवाया गया तो इससे निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण अभियान को धक्का तो लगेगा ही साथ ही कुपोषण मिटाने के का अभियान भी प्रभावित होगा। नोटिस के विरोध में भोपाल में भी यूनियन ने महिला बाल विकास विभाग आयुक्त को ज्ञापन देकर तत्काल आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बीएलओ पद से मुक्ति दिलाने की मांग की है।

**इनका कहना है**

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी 24 घंटे सेवा देने की होती है जबकि 100000 रुपए वेतन प्राप्त करने वाला शिक्षक मात्र 5 घंटे पढ़ाने के बाद भी बीएलओ का काम नहीं कर रहा है। कार्यकर्ता निर्वाचन जैसा अति महत्वपूर्ण कार्य को करने में असमर्थ हैं इससे निर्वाचन प्रक्रिया बाधित होगी साथ ही कुपोषण भी बढ़ेगा। यूनियन ने बुधवार को भोपाल में आयुक्त को ज्ञापन दिया है। जरूरत पड़ी तो बड़ा आंदोलन करेंगे।

राजकुमारी राजपूत
आंगनबाड़ी यूनियन (सीटू) श्योपुर

### सेवा पखवाड़ा शुभारंभ कर मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन

# सेवा पखवाड़ा के तहत शिक्षा स्वास्थ्य और स्वच्छता को गंभीरता से लें अधिकारी कर्मचारी:कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सेवा पखवाड़ा के तहत अधिकारी कर्मचारी शिक्षा स्वास्थ्य और स्वच्छता को गंभीरता से लें, यह बात कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य विभाग के नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित वृहद स्वास्थ्य शिविर के शुभारंभ अवसर पर संबोधित करते हुए अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कही। इस दौरान 33 युवाओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया और पार्क में स्वच्छता के लिए श्रमदान किया।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा कि आज भारत देश की जो वैश्विक साख बढ़ी है उसका पूरा श्रेय पीएम मोदी को जाता है. विश्व में शांति की स्थापना हो या प्रौद्योगिकी का इतना आगे बढ़ना. ये सब पीएम की दूर दृष्टि से संभव हो रहा है. इसे प्रत्यक्ष देख रहे हैं और ये किसी सौभाग्य से कम नहीं है। इस दौरान उन्होंने पीएम द्वारा आज ही के दिन तीन साल पहले कूनो नेशनल पार्क में दी गई चीतों की सौगात का जिक्र करते हुए कहा कि चीते श्योपुर और प्रदेश में पर्यटन व्यवसाय बढ़ाने की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होंगे। इस दौरान नपाध्यक्ष रेनू राठौर, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक ब्रजराज सिंह चौहान एवं दुर्गा लाल विजय, वरिष्ठ भाजपा नेता महावीर सिसोदिया, कैलाश नारायण गुप्ता, पूर्व नपाध्यक्ष ओम राठौर सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता, सामाजिक कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।






**स्वच्छता पखवाड़ा में जनप्रतिनिधियों ने की भागीदारी**

पीएम मोदी का जन्म दिवस को सरकार स्वच्छता पखवाड़ा के रूप में मना रही है इस क्रम में सभी सरकारी स्कूलों और आंगनबाड़ियों तथा दफ्तरों में कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता के लिए श्रमदान किया इस दौरान नपाध्यक्ष रेनू राठौर ने भाजपा नेताओं के साथ एकीकृत बस स्टैंड स्थित दीनदयाल पार्क में स्वच्छता अभियान के तहत भागीदारी की इस दौरान कई पार्षद व भाजपा नेता मौजूद रहे।

**सेवा पखवाड़ा के तहत पीएचसी स्तर पर आयोजित होंगे स्वास्थ्य शिविर, महिलाओं का होगा स्वास्थ्य परीक्षण**

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर सेवा पखवाड़ा के तहत नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत वृहद स्वास्थ्य शिविर जिला अस्पताल परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पहुंची महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण जिला अस्पताल के चिकित्सकों के अलावा मेडिकल कॉलेज श्योपुर के विशेषज्ञ चिकित्सको ने किया। सीएमएचओ डॉ डीएस सिकरवार ने बताया कि स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत 18 सितम्बर को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ढोढर, 19 सितम्बर को प्राथमिक स्वा.केन्द्र दांतरदा, 20 सितम्बर को प्राथमिक स्वा.केन्द्र प्रेमसर, 22 सितम्बर को प्राथमिक स्वा.केन्द्र मानपुर, 23 सितम्बर को प्राथमिक स्वा.केन्द्र मकडावदा, 24 सितम्बर को प्राथमिक स्वा.केन्द्र रघुनाथपुर, 25 सितम्बर को प्राथमिक स्वा.केन्द्र वीरपुर, 26 सितम्बर को प्राथमिक स्वा.केन्द्र सहसराम, 27 सितम्बर को प्राथमिक स्वा.केन्द्र अगरा, 29 सितम्बर को सामुदायिक स्वा.केन्द्र कराहल, 30 सितम्बर को सामुदायिक स्वा.केन्द्र बडौदा एवं 1 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विजयपुर में शिविर आयोजित किये जायेगे। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में महिला एवं बच्चे का स्वास्थ्य परीक्षण व स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जावेगा। इसके साथ ही उच्च रक्तचाप, मधुमेह और दंत जांच, स्तन केंसर, ग्रीवा केंसर महिलाओं के लिए प्रसवपूर्व जांच, टीबी जांच, सिकल सेल एनीमिया जांच, टीकाकरण सहित स्वस्थ्य जीवनशेली परामर्श सेवायें दी जायेगी।

## बिजली लाइन से टच हुआ डंपर, भड़की आग, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

आवदा थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह गिट्टी भरकर ला रहा एक डंपर 11 केव्ही बिजली लाइन से टच हो गया। जिसके बाद डंपर में आग लग गई इस दौरान डंपर के चालक ने डंपर से कूदकर अपनी जान बचाई। इस मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची आवदा थाना पुलिस ने डंपर के पिछले हिस्से में लगी आग को बुझाया।

दरअसल बुधवार को एक डंपर जब आवदा बांध के समीप से गुजर रहा था,तभी वहां होकर गुजरी 11 केव्ही बिजली लाइन के नीचे झूलते तार डंपर से टच हो गए। जिससे डंपर में न सिर्फ केवल करंट फैल गया,बल्कि बिजली के तारों में हुई स्कार्पिंग से डंपर के पिछले हिस्से में आग लग गई। किसी तरह डंपर चालक ने डंपर से कूदकर अपनी जान बचाई। आवदा थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि जैसे ही इस मामले की सूचना मिली,वैसे ही हमने पुलिस टीम को मौके पर भेज दिया और डंपर में लगी आग को बुझाया। इस दौरान कोई हताहत नहीं हुआ है।




## कराहल पुलिस ने शराब बेचती महिला को पकड़ा,कोतवाली पुलिस ने सटोरिए को धरा

श्योपुर। कराहल थाना पुलिस ने अवैध शराब के साथ जहां एक महिला को अरेस्ट किया है। वहीं कोतवाली पुलिस ने एक सटोरिए को धर लिया है। पुलिस ने बताया कि कराहल के अचार वाला सहराना निवासी महिला घोडा बाई पत्नी कमरलाल बंजारा को उसके घर से दबिश के दौरान 6 लीटर कच्ची शराब के साथ पकडा है। पुलिस को शिकायत मिली थी यह महिला चोरी छिपे अपने घर से शराब बेचती है। इधर कोतवाली पुलिस ने अनिल पुत्र बृजमोहन वैष्णव निवासी श्योपुर को मेला ग्राउंड की बाउंड्रीवाल के पास से सट्टे की पर्ची काटते हुए अरेस्ट किया है। उसके कब्जे से पुलिस ने सट्टा अंक लिखी एक डायरी,पेन और 6 हजार 705 रूपए नकदी जब्त किए है।

## खबर संक्षेप

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत सतीश पुत्र बाबूलाल रजक उम्र 35 साल निवासी ग्राम आकेत ने अपने ही घर में अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ का सेवन कर लेने से उसकी मौत हो गई। जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### अज्ञात 35 से 40 लोगों पर मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत चंदेरी रोड़ पर सरकारी अस्पताल के सामने अज्ञात 35 से 40 लोगों द्वारा चक्का जाम किए जाने के बाद हरीभगवान रघुवंशी निवासी ग्वालियर की रिपोर्ट पर से पुलिस ने सड़क पर एक राय होकर चक्का जाम किए जाने और आने जाने वालों का रास्ता रोकने पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत अशोकनगर निवासी सुरेन्द्र जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राहुल, अजय, रोहित प्रजापति ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुरानी हवेली निवासी किशन सेन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रमेश सेन और उसके लड़के राजकुमार और सुनील सेन ने शादी संबंध की बात पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत अखाईकृष्ण निवासी मदनलाल बसोर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुनील और दुर्गेश वंसकार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सुनील वंसकार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मदनलाल बसोर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत हिनोतिया फूट निवासी देवेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी आशाबाई और अभिषेक यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से अभिषेक यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि देवेन्द्र यादव और प्रदूमन यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फुटेरा निवासी बबीता लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति गजन लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तिघरी निवासी माथाबाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी देवेन्द्र और धर्मेन्द्र अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम माधौपुर कुकरया निवासी भूरा कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बुन्देल, दिलीप, देवेन्द्र यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## उकायला परिक्षेत्र में स्थित नया खेरा बीट की नर्सरी का मामला

# करैरा में पौधारोपण के नाम पर भ्रष्टाचार नर्सरी में रोपित सिर्फ कागजी पेड़ !





हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

शिवपुरी जिले के करैरा वन मंडल अंतर्गत उकायला परिक्षेत्र में स्थित नया खेरा बीट की नर्सरी कक्ष क्रमांक आरएफ 438, रकवा 50 हेक्टेयर में वर्ष 2023-24 के दौरान 25,000 पौधों के रोपण का दावा किया गया था। लेकिन मौके पर स्थिति इसके ठीक विपरीत है। ग्रामीणों और स्थानीय लोगों के अनुसार, नर्सरी में लगाए गए पौधों की संख्या दावे के 20% से भी कम है, यानी लगभग 2,500 पौधे भी मौजूद नहीं हैं। नर्सरी में पौधारोपण के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए, लेकिन न तो पौधों की देखरेख की गई और न ही पानी की व्यवस्था। ग्रामीणों का आरोप है कि जो पेड़ नर्सरी में दिख रहे हैं, वे पुराने हैं, और नए पौधों का कोई अता-पता नहीं है। नर्सरी को केवल दिखावे के लिए सड़क की ओर से कवर किया गया है, ताकि दूर से देखने वालों को यह भव्य नर्सरी लगे। लेकिन पास जाकर निरीक्षण करने पर सच्चाई सामने आती है कि यहाँ भ्रष्टाचार की जड़ें हैं। ग्रामीणों ने तत्कालीन वन विभाग के अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाया है।

### देखरेख के अभाव में सूख रहे हैं नर्सरी के पौधे

नर्सरी में पौधारोपण के बाद उनकी देखरेख के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई। न तो सिंचाई की कोई सुविधा थी और न ही नियमित रखरखाव। ग्रामीणों के अनुसार, पौधों को पानी तक नहीं दिया गया, जिसके कारण ज्यादातर पौधे सूख गए। नर्सरी को केवल एक गार्ड के भरोसे छोड़ दिया गया, जो 50 हेक्टेयर के विशाल क्षेत्र की देखभाल के लिए नाकाफी है। ग्रामीणों ने बताया कि नर्सरी में नए पौधों के बजाय पुराने पेड़ों को ही गिन लिया गया है, और जो नए पौधे लगाए गए थे, उनकी देखरेख के अभाव में वे नष्ट हो गए। नर्सरी में लगाए जाने वाले पौधों में स्थानीय जलवायु और मिट्टी के अनुकूल प्रजातियों का चयन किया जाना चाहिए था, जैसे नीम, शीशम, बबूल, अमलतास, और पीपल। ये प्रजातियाँ न केवल तेजी से बढ़ती हैं, बल्कि कम पानी और देखरेख में भी फलती-फूलती हैं। इसके अलावा, औषधीय और फलदार पौधों जैसे आँवला, बेल, और जामुन को भी शामिल किया जा सकता था, जो स्थानीय लोगों के लिए भी लाभकारी होते। लेकिन नर्सरी में न तो प्रजातियों का चयन सोच-समझकर किया गया और न ही उनकी देखभाल, जिसके कारण यह परियोजना पूरी तरह विफल रही।

### नर्सरी की बाउंड्रीः कागजों में ऊंची, हकीकत में टूटी-फूटी

नर्सरी की सुरक्षा के लिए चारों ओर 5 फीट ऊंची और डेढ़ फीट चौड़ी बाउंड्री बनाए जाने का प्रावधान था। लेकिन मौके पर बाउंड्री की स्थिति दयनीय है। कहीं-कहीं बाउंड्री की ऊंचाई मात्र 2 फीट है, तो कहीं यह इतनी संकरी है कि उसका कोई औचित्य ही नहीं रह जाता। कई स्थानों पर बाउंड्री पूरी तरह से अनुपस्थित है। इस कमी के चलते नर्सरी में पशुओं और बाहरी लोगों का आवागमन बेरोकटोक है, जिसके कारण पौधों को नुकसान पहुंचने की संभावना बढ़ जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि बाउंड्री के निर्माण में भी बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गई। कागजों में मोटी राशि खर्च दिखाई गई, लेकिन हकीकत में काम आधा-अधूरा और गुणवत्ताहीन है। यह स्थिति न केवल नर्सरी की सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि सरकारी धन का दुरुपयोग किस तरह से किया गया। बाउंड्री के निर्माण में गुणवत्ता और मानकों की अनदेखी ने नर्सरी को असुरक्षित बना दिया है, जिसके चलते पौधों का विकास और संरक्षण लगभग असंभव हो गया है।

### ग्रामीणों ने की जांच की मांग

नया खेरा बीट की नर्सरी में हुए इस कथित भ्रष्टाचार ने स्थानीय लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस मामले की उच्चस्तरीय जांच हो और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि अगर समय रहते वन विभाग के अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी निभाई होती तो नर्सरी आज हरी-भरी होती। इसके बजाय, यहां केवल कागजी आंकड़ों का खेल खेला गया। नर्सरी को सड़क के किनारे से सजावटी रूप देने का प्रयास तो किया गया, लेकिन इसका मकसद केवल लोगों की आँखों में धूल झोंकना था। ग्रामीणों का कहना है कि इस नर्सरी में लगाए गए पौधों की संख्या और खर्चे गए धन का कोई हिसाब-किताब नहीं है। वन विभाग के दावों और हकीकत में जमीन-आसमान का अंतर है। इस मामले में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए स्वतंत्र जांच एजेंसी द्वारा गहन छानबीन की आवश्यकता है। साथ ही, भविष्य में ऐसी परियोजनाओं में स्थानीय लोगों को शामिल करने और नियमित निगरानी की व्यवस्था करने की जरूरत है, ताकि सरकारी धन का दुरुपयोग रोका जा सके और पौधारोपण जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं वास्तव में पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकें। नर्सरी में पौधारोपण के नाम पर हुआ यह कथित घोटाला न केवल सरकारी धन के दुरुपयोग का उदाहरण है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति लापरवाही को भी दर्शाता है। उचित प्रजातियों के चयन, नियमित देखरेख, और मजबूत बाउंड्री की कमी ने इस परियोजना को विफल कर दिया। ग्रामीणों की शिकायतें और मौके की स्थिति इस बात की पुष्टि करती हैं कि नर्सरी में भ्रष्टाचार का बोलबाला रहा। इस मामले में जांच और कार्रवाई के साथ-साथ भविष्य में ऐसी परियोजनाओं को प्रभावी बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाने की जरूरत है।

### इनका कहना है...

समय समय पर पौधों की गिनती होती रहती है। अगर ऐसा हो तो दिखवा लेते हैं। उचित समय पर गिनती होगी तो हम भी देखेंगे एवं रही बाउंड्री की बात तो 2 वर्ष पहले की बात है उस समय जैसा भी हुआ था। लेकिन फिर भी जहां कमी होगी वहां हम सुधारेंगे।

**लक्ष्मण सिंह मीणा, रेंजर करैरा**

कई बार पौधों की ग्रोथ कम रहती है। वहां रिप्लेसमेंट हुआ होगा, लेकिन फिर भी आप बता रहे हो अगर ऐसा है तो एक बार दिखवा लेते हैं।

**सुधांशु यादव, डीएफओ शिवपुरी**

### छेड़छाड़ व मारपीट करने वाले दोषियों को 3 माह का सश्रम कारावास

**अशोकनगर।** न्यायालय पूनम गुप्ता, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, अशोकनगर द्वारा चोरी का माल प्राप्त करने वाले आरोपी रवि पुत्र कल्लू बघेल, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम खुटियावाद, थाना म्याना, जिला गुना, हाल निवासी गुरूधाम कॉलोनी, अशोकनगर, आकाश पुत्र कल्लू पाल, उम्र 25 वर्ष, निवासी गुरुधाम कॉलोनी, अशोकनगर को 3 माह के कारावास और अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। उक्त प्रकरण में पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी विष्वजीत चक्रवर्ती द्वारा की गई। मीडिया सेल प्रभारी यशपाल सिंह यादव ने बताया कि अभियोजन कहानी संक्षेप में इस प्रकार है कि अभियोक्त्री ने हमराह अपने छोटे भाई रंजीत रजक व भाभी सविता रजक के साथ थाना आकर रिपोर्ट लेखबद्ध कराई कि, उसका घर त्रिदेव मंदिर के पीछे गुरूधाम कॉलोनी में है। वह लोगों के घर पर जाकर कपड़े धोने का काम करती है। घटना दिनांक को सुबह करीब 08 बजे की बात है कि वह टकनेरी वाले रास्ते से काम करने बाजार जा रही थी। जैसे ही वह नामदेव मंदिर के पास पहुंची तो वहां पर रवि पाल जो उसके ही मोहल्ले में रहता है, मोटरसाईकिल से आया और उसने उसके सामने गाड़ी अड़ा दी और उसका रास्ता रोक लिया। उसने उससे कहा कि क्या है तो वह बोला कि उसे वह चाहिये, ऐसा कहकर उसने बुरी नियत से उसके साथ छेडछाड कारित की जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। उक्त मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय द्वारा यह आदेश जारी किया गया है।

## गर्ल्स कॉलेज में स्वच्छता रैली व शपथ के साथ सेवा पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के माध्यम से सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ स्वच्छता रैली एवं शपथ के माध्यम से किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर चंदा रत्नाकर ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी को यह संदेश दिया जा रहा है कि आपको स्वच्छता के प्रति जागरूक रहना है एवं परिवार समाज के लोगों को जागरूक करना है। साथ ही संकल्प दिलवाया कि मैं अपनी स्वच्छता की शुरुआत अपने परिवार से करूंगी। कचरा सदैव कचरा गाड़ी में ही डालूंगी। सार्वजनिक स्थान पर कचरा नहीं डालूंगी।

कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर उमा लवानिया ने कहा कि स्वच्छता आपको बीमारियों से बचाती है। आपको सदैव बाह्य स्वच्छता के साथ ही साथ आंतरिक स्वच्छता का भी ध्यान रखना है। मन ,विचार, कर्म, धर्म, वाणी, भाव से भी हमेशा स्वच्छ और शुद्ध रहना है। जो कि आपके जीवन के आंतरिक स्वच्छता का परिचायक है और आपके जीवन को ऊंचाइयों तक ले जाएगा। रैली एवं शपथ कार्यक्रम में डॉक्टर रश्मि जैन, डॉक्टर रश्मि द्विवेदी, डॉक्टर दीपमाला सिंह, डॉक्टर आशीष गुप्ता, नवीन नामदेव, नीता नामदेव, अरुण उपाध्याय, आरती ठाकुर, कीर्ति ठाकुर, मनीता राजपूत, प्रशांत कुशवाहा, मीनू तिवारी, शुभम, ज्योति, निलेश शर्मा, अमरजीत सिंह मठारू, रामबाबू रैकवार, जितेंद्र, अशोक, विकास, पूजा, रंजना सहित कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहा।

### कस्बे में बस स्टैंड नहीं, सड़क पर करते हैं बसों का इंतजार

**अशोकनगर।** बहादुरपुर कस्बे में तस्वीर नया बाजार बहादुरपुर की है। जहां दुकानों के सामने खड़ी होकर बड़ी संख्या में छात्राएं यात्री बस का इंतजार कर रही हैं, ताकि स्कूल से छुट्टी होने के बाद समय पर घर पहुंच सकें। तेज धूप में छात्राओं के सर पर कोई छांव की व्यवस्था नहीं है, पेयजल का एकमात्र स्रोत सुविधाघर के निकट बना है। जहां बदबू के कारण कोई पानी नहीं पी पाता। यह स्थिति कई वर्षों से है, कस्बे का विस्तार लगातार हो रहा है। यहां स्कूलों में प्रतिदिन अन्य गांवों से दो हजार से अधिक छात्र छात्रा पढ़ने आते हैं। प्रतिदिन दो दर्जन से अधिक यात्री बसों में सैकड़ों यात्री सफर करने के लिए उतरते और बैठते हैं लेकिन यात्रियों की सुविधा के लिए बहादुरपुर में कोई इंतजाम नहीं है। कस्बे के नया बाजार में पूर्ववर्ती जागीरदार के नाम करीब एक हेक्टेयर जमीन है। इस जमीन को राजस्व रिकॉर्ड कई वर्षों से सार्वजनिक उपयोग की बताता रहा है किंतु इस जमीन पर अवैध कब्जों की भरमार है। यही वजह है कि ग्राम पंचायत के पास एक सुविधाघर बनाने लायक भी जमीन नहीं मिलती। यात्रियों की सुविधा के लिए थाना परिसर की दीवार से लगा हुआ एक पोर्टेबल स्टॉप है, जिसे करीब नौ वर्ष पूर्व तत्कालीन विधायक महेंद्र सिंह कालूखेड़ा ने रखवाया था।

## हिंदी भाषा हमारा मान, अभिमान स्वाभिमान व सम्मान है : डॉ. उमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गर्ल्स कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के त्रैमासिक कार्यक्रम में हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत व्याख्यान, निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य डॉक्टर चंदा रत्नाकर ने भारतीय ज्ञान परंपरा में हिंदी की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी प्राचीन ज्ञान को संरक्षित करने एवं जन जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। भारतीय ज्ञान परंपरा हमारी बौद्धिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत है जिसमें वेद, पुराण उपनिषद, गणित, आयुर्वेद, दर्शनशास्त्र, कला और साहित्य शामिल हैं। हमें इनका अध्ययन करना है एवं नई पीढ़ी को हस्तांतरित करना है।

मुख्य वक्ता प्रशांत कुशवाहा ने राजभाषा हिंदी की दशा एवं दिशा विषय पर सारगर्भित व्याख्यान देते हुए कहा की भाषा विचारों की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है। हमें अपनी हिंदी भाषा पर गर्व है जो कि हमारी भावनाओं, संवेदनाओं, हमारी बात को बहुत ही सरल और सहज तरीके से अभिव्यक्त करने में सहायक है। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर उमा लवानिया ने कहा की हिंदी भाषा की भारतीय संस्कृति, दर्शन एवं मूल्य, समाज को सकारात्मक दिशा, नैतिक शिक्षा देने में महत्वपूर्ण भूमिका है। यही कारण है कि व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, नैतिक, आध्यात्मिक विकास को ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य भी हिंदी भाषा का ही है। हिंदी भाषा हमारा मान, अभिमान, स्वाभिमान और सम्मान है। आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम देवंती, द्वितीय सेजल एवं मुस्कान एवं सोनम तृतीय स्थान पर रही। स्लोगन प्रतियोगिता में विंदवी जैन ने प्रथम स्थान पाया।



### भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर निकाली बाइक रैली

**बीना।** विश्वकर्मा समाज ने भगवान विश्वकर्मा की जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर बाइक रैली निकाली गई। बाइक रैली अंबेडकर, सर्वोदय चौराहा, गांधी चौराहा और नई बस्ती से होते हुए विश्वकर्मा मंदिर पर पहुंची जहां पूजन अर्चना के साथ रैली का समापन हुआ। कार्यक्रम में समाज के लोगों के अलावा विधायक निर्मला सप्रे, नगर नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, अध्यक्ष पंचम लाल विश्वकर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा, घनश्याम विश्वकर्मा, खुशी लाल विश्वकर्मा, बिहारी लाल विश्वकर्मा, छोटू विश्वकर्मा, रिंकू विश्वकर्मा, हेमंत विश्वकर्मा, चंद्रभान विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर भाजपा का सेवा पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ

# सिविल अस्पताल में लगाए शिविर में 30 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर के साथ ही भाजपा नगर मंडल एवं ग्रामीण मंडल के द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा का भी शुभारंभ हुआ, जो 2 अक्टूबर तक चलेगा।

बुधवार दोपहर 12 बजे शुरू हुए रक्तदान शिविर का शुभारंभ विधायक निर्मला सप्रे, पूर्व विधायक विनोद पंथी, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर, बीएमओ डॉक्टर संजीव अग्रवाल, डॉक्टर वीरेंद्र सिंह ठाकुर जिला अस्पताल सागर, डॉक्टर सौरभ जैन, समाज सेवी मनीष सिंघई एवं महावीर जैन सहित अन्य अतिथियों के द्वारा भगवान धन्वंतरि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया। रक्तदान शिविर में 30 लोगों द्वारा स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण को ऑन लाइन सुना गया। रक्तदान शिविर में अलाइंस क्लब एवं समवयं मंडपम के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। शिविर में एसडीएम विजय डेहरिया ने भी शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं से चर्चा की।






कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर आयोजित सेवा पखवाड़ा के माध्यम से आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इसके अलावा स्वच्छता अभियान आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि सभी भाजपा कार्यकर्ता अधिक से अधिक रक्तदान करे। साथ ही सेवा पखवाड़ा में सक्रिय भागीदारी के साथ कार्य करे। पूर्व विधायक डॉक्टर विनोद पंथी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनेगा। नपा अध्यक्ष लता सकवार ने कहा कि हमें अपना जीवन मानव कल्याण के साथ लगाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री आलेख राय एवं प्रदीप तिवारी ने किया। इन्होंने किया रक्तदान- ब्लड डोनेट करने वालों में शरद सिंघई, स्वाति समैया, आशीष बड़कुल, अभिनव बड़कुल, अभिषेक चढ़ार, अभिषेक नायक, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, किशन सिंह ठाकुर, योगेश दीक्षित, अमित, आशीष वाधवानी, राहुल जैन, विशाल धामेचा, हेमंत सिरोठिया, उमेश सिंह ठाकुर, नीरज बबेले, प्रदीप तिवारी, निमेष अग्रवाल, राकेश, उमेश सेन, जितेंद्र सेन, शुभम तिवारी,मुकेश जैन, बृजेश कुमारी अहिरवार, प्रमोद सैनी, शाहीन मजीद, रमा ओझा,सत्यम त्रिपाठी, अवतार ठाकुर एवं अजय रैकवार ने रक्तदान किया। इसके अलावा लैब सहायक पुष्पा कोरी, लैब टेक्नीशियन रवि बौद्व, एलटी रजनीश तिवारी, आनंद सुमन, मोहित लोधी, लैब सहायक जुबैर रंगरेज रक्तदान करवाया।

रक्तदान शिविर में नपा उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैया, विजय हुरकट, शशि कैथोरिया, नीतू राय, सोनाली राय, मनोज शर्मा, संतोष ठाकुर, सत्यजीत सिंह ठाकुर, संजय सिंह ठ्ढ्ढाकुर, नंदकिशोर अहिरवार, ज्योति सराफ, कृष्णा कुशवाहा, प्रीति लखेरा, प्रभा नामदेव, कल्पना चौरसिया, गजेंद्र राय, राजेंद्र सिंह ठाकुर, पवन गुलाटी, विकास बापट, शैलेश शाह, चंद्रभूषण बडकुल, राजा बाबू यादव, राकेश सेन, अनिल ओछा, पुष्पेंद्र सेन, सुधीर रिछारिया, संतोष कुशवाहा, आनंद राजपूत, मयंक जैन, आशीष गुरू आदि उपस्थित रहे।